DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

सत्यमेव जयते

यूपीएससी आईएएस परीक्षा

संघ लोक सेवा आयोग

# (Download) UPSC IAS Mains Optional सामान्य अध्ययन (प्रश्न-पत्र -3) Hindi Exam Paper - 2013

**Exam Name:** UPSC IAS Mains

**Year:** 2013

**Subject:** **सामान्य अध्ययन** (Hindi)

1. समावेशी विकास की नीति को ध्यान में रखते हुए, नए कम्पनी बिल 2013 ने 'सामूहिक सामाजिक उरदायित्व' को अप्रत्यक्ष रूप से अनिवार्य कर्तव्य बना दिया है। इसके गंभीरता से पालन कराने में अपेक्षित चुनौतियों की विवेचना कीजिए। इस बिल की अन्य व्यवरथाओं और उनकी उलझनों की भी चर्चा करें। (200 शब्द)। 10 marks
2. वित्तीय दायित्व और बजट प्रबंधन (FRBM) अधिनियम 2003 को प्रारम्भ करने के क्या कारण थे ? उसके प्रमुख प्रावधानों और उन को प्रभाविता का समालोचनात्मक विवेचन कीजिए। (200 शब्द) 10 marks
3. 'कर खर्च' (Tax cxpenditure) का क्या अर्थ है ? गृह क्षेत्र का उदाहरण लेते हुए विवेचना कीजिए कि यह शासन की बजट-संबंधी नीतियों को कैसे प्रभावित करता हैं। (210 शब्द) 10 marks
4. खाद्य सुरक्षा बिल से भारत में भूख व कुपोषण के विलोपन की आशा है। उसके प्रभावी कार्यान्वयन में विभिन्न आकाओं का समालोचनात्मक विज्ञेचना कीजिए। साथ ही यह भी बताएं कि विश्व व्यापार संगठन (WTO) में इससे कौनसी चिंताएं उत्पन्न हो गई हैं ? (200 शब्द) 10 marks
5. राष्ट्रीय व राजकीय स्तर पर कृषकों को दी जाने वाली विभिन्न प्रकार की आर्थिक सहायताएं कौन-कौनसी हैं ? कृषि आर्थिक सहायता व्यवस्था का उसके द्वार। उत्पन्न विकृतियों के संदर्भ में आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए। (200 शब्द) 10 marks

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: UPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

6. भारत में बेहतर पोषण व स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए खाद्य उद्योग में गुलाबी क्रांति प्रोन्नति हेतु उपायों को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। इस कथन पर आलोचनात्मक प्रकाश डालिए। (200 शब्द) 10 marks
7. भारतीय स्वामित्व वाली कम्पनियों पर उदारीकरण के प्रभाव का परीक्षण कीजिए। क्या वे बहुराष्ट्रीय कम्पनियों से संतोषजनक ढंग से प्रतिस्पधा कर रही हैं। विवेचना कीजिए। (210 शब्द) 10 marks
8. भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार कृषि उत्पादकता और गरीची उन्मूलन के बीच संबंध स्थापित कजिए। भारत में कृषि अनुकूल भूमि सुधारों के रूपांकन व अनुपालन में कठिनाइयों की विवेचना कीजिए। (200 शब्द) 10 marks
9. (a) अर्थव्यवरथा के मात व्यापार पद्धति में बहुमापार खुदरा क्षेत्र में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के प्रवेश के प्रभाव की विवेचना कीजिए। (100 शब्द) 5 marks

9. (b) यद्यपि भारत ने सितम्यर 2012 में संयुक्त संधि मार्ग द्वारा बहुमा के लुद कहलाने वाले व्यापार में विदेशी प्रत्यक्ष निदेश (FDI) को स्वीकृति दे दी थी, पर इस निवेश में एक वर्ष पश्चात् भी कोई उन्नति नहीं हुई है। कारणों की विवेचना कीजिए। (100 शब्द) 5 marks

10. भारत में माल व सेवा कर (GST) प्रारम्भ करने के मूलाधार की विवेचना कीजिए। इस व्यवस्था को न करने में विलम्ब के कारणों का समालोचनात्मक वर्णन कीजिए। (200 शब्द) 10 marks

11. परम्परागत ऊजी की कठिनाइयों को कम करने के लिए भारत की 'हरित ॐ ५८' पर एक लेख लिखिए। (200 शब्द) 10 marks

12. देश में आधारभूत संरचना के विकास में गैर-सरकारी भागीदारी योजना (PPP) मॉडल का अंगीकरण आलोचना मुक्त नहीं है। इस मॉडल के पक्ष-विपक्ष की समालोचनात्मक विवेचना कीजिए। (200 शब्द) 10 marks

13. भारतीय एकस्व अधिकार नियम (Patent Law) 1970 की धारा 3(d) में वर्ष 2005 में बलात् संशोधन कराने वाली परिस्थितियों को रपष्ट करते हुए, यह विवेचना कीजिए कि इसके कारण सर्वोच्च न्यायालय ने ना०टिस की ग्लाइवेक (Glivec) के एकस्व अधिकार आवेदन को किस प्रकार अस्वीकार किया। [200 शब्द)। 10 marks

14. “नश्चित मात्रा औंध संयोगों (FDCs) से आप क्या समझते हैं ? उनके गुण-दोषों की विवेचना कीजिए। [200 शब्द] 10 marks

15. क्रिकेट में 'खेल-पंच निर्णय पुनरीक्षण प्रणाली' से आप क्या समझाते हैं ? उसके विविध अवयवों क विवेचना कीजिए। सिलिकॉन टेप में बले का किनारा किरा प्रकार भ्रम पैदा कर सकता है ? समझाइए। (200 शब्द) 10 marks

16. (a) आंगुलिक हस्ताक्षर' (digital signature) क्या होता है ? उसके द्वारा प्रमाणीकरण का क्या अर्थ है ? 'अलिक हस्ताक्षर' की प्रमुख बिविध अंशस्य विशेषताएं बताइए। (100 शब्द) 5 marks

17. (b) 3-आयामी (33) मुद्रण तकनीक किस प्रकार कार्य करती हैं ? इस तकनीक की लाभ-हानियों सूचीबद्ध कीजिए। (100 शब्द) 5 marks

18. (a) TR1' गिश्रित पदार्थ क्या होता हैं ? उनका उत्पादन कैसे होता है ? विमानन और कार उद्योग में उनके उपयोग की विवेचना कीजिए। (100 शब्द) 5 marks

19. (b) जल वृष्टि पोषित नदी (Rurn-of-river) जल विद्युत परियोजना से आप क्या समझते हैं। वह किसी अन्य जल विद्युत परियोजना से किस प्रकार भिन्न होती है ? (100 शब्द) 5 marks

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: UPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

20. विपदा-पूर्व प्रबंधन के लिए संवेदनशीलता च जोखिम निर्धारण कितना महत्वपूर्ण हैं ? प्रशासक के रूप में आप विपदा प्रबंधन प्रणाली में जिन मुख्य अन्धुओं पर ध्यान दें ? (200 शब्द) 10 marks

21. अवैध खनन के क्या परेणाम होते हैं ? कोयला खनन क्षेत्र के लिए पयावरण एवं वन मंत्रालय के 'हाँ' या 'नहीं' की अवधारणा की विवेचना कीजिए। [200 शब्द) 10 marks

22. भारत की राष्ट्रीय जल नीति की परिगणना कीजिए। गंगा नदी का उदाहरण लेते हुए, नदियों के जल प्रदूषण नियंत्रण व प्रबंधन के लिए अंगीकृत की जाने वाली रणनीतियों की विवेचना कीजिए। भारत में खतरनाक अपणों के प्रबंधन और संचालन के लिए क्या। वैधानिक प्रावधान हैं ? (200 शब्द) 10 marks

23. अवैध धन स्थांतरण देश की आकि प्रभुसत्ता के लिए एक गंभीर सुरक्षा जोखिम होता है I भारत के लिए इसका क्या महत्व है और इस खतरे से बचने के लिए क्या कदम उठाए जाने चाहिए ? (200 शब्द) 10 marks

24. 'सामाजिक संजाल स्थल' (Social Net Working Sites) क्या होती हैं और इन स्थलों से क्या सुरक्षा उलझनें प्रस्तुत होती हैं ? (200 शब्द) 10 marks

25. कुछ रक्षा विश्लेषक इलेक्ट्रानिक संचार माध्यम द्वारा युद्ध को अलकायदा और आतंकवाद से भी बड़ा खतरा मानते हैं। आप 'इलेक्ट्रानिकी संचार माध्यम युद्ध' (Cyber warfare) से क्या समझते हैं ? भारत ऐसे जिन खतरों के प्रति संवेदनशील हैं उनकी रूपरेखा खींचिए और देश को उनसे निपटने की तैयारी को भी स्पष्ट कीजिए। (200 शब्द) 10 marks

26. भारत के संविधान की धारा 244, अनुसूचित व आदिवासी क्षेत्रों के प्रशासन से संबंधित है। उसकी पांचवों सूची के कार्यान्वित न करने से बामपधी पक्ष के चरम पंथ पर प्रभाव का विश्लेषण कीजिए। (200 शब्द) 10 marks

27. दक्षिण एशिया के अधिकतर देशों तथा मनमार से लगीं विशेषकर लम्बी छिद्रित सीमाओं की दृष्टि से भारत की आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियाँ सीमा प्रवंधन से कैसे जुड़ी हैं ? (200 शब्द). 10 marks

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy: UPSC

यूपीएससी आईएएस परीक्षा

संघ लोक सेवा आयोग

## (डाउनलोड) UPSC (IAS) Exams Papers
## आईएएस परीक्षा पेपर in Hindi Medium

---

- **यूपीएससी आईएएस (प्री) सामान्य अध्ययन परीक्षा (पेपर - 1)**
- **यूपीएससी आईएएस (प्री) CSAT (पेपर - 2)**

Click Here to Download
डाउनलोड

## CLICK HERE FOR ALL IAS HINDI Medium PAPERS
## http://iasexamportal.com/hindi/papers

IAS EXAM
Indian Administrative Services

# UPSC PRINTED STUDY NOTES

| | | |
|---|---|---|
| Study Material for IAS (UPSC) General Studies Pre. Cum Mains (Combo) | English | CLICK HERE |
| UPSC - IAS PRE (GS+CSAT) Solved Papers & Test Series | English | CLICK HERE |
| UPSC सामान्य अध्ययन प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा (Combo) Study Kit | Hindi | CLICK HERE |
| Study Material for IAS Prelims: GS Paper -1 + CSAT Paper-2 | English | CLICK HERE |
| Study Kit for IAS (Pre) GENERAL STUDIES Paper-1 (GS) | English | CLICK HERE |
| Study Kit for IAS (Pre) CSAT Paper-2(Aptitude) | English | CLICK HERE |
| Public Administration Optional for UPSC Mains | English | CLICK HERE |
| सामान्य अध्ययन (GS) प्रारंभिक परीक्षा (Pre) पेपर-1 | हिन्दी | CLICK HERE |
| आई. ए. एस.  (सी-सैट) प्रांरभिक परीक्षा पेपर -2 | हिन्दी | CLICK HERE |
| Gist of NCERT Study Kit For UPSC Exams | English | CLICK HERE |
| यूपीएससी परीक्षा के लिए एनसीईआरटी अध्ययन सामग्री | हिन्दी | CLICK HERE |
| COMPLETE STUDY MATERIAL FOR IAS PRELIMS EXAM | English | CLICK HERE |
| COMPLETE STUDY MATERIAL FOR IAS PRE+MAINS+INTERVIEW EXAM | English | CLICK HERE |
| UPSC, IAS सिविल सेवा परीक्षा संपूर्ण अध्ययन सामग्री (प्रारंभिक, मुख्य, साक्षात्कार) | हिन्दी | CLICK HERE |